सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 05 सितम्बर, 2023

मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत की उपस्थिति में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और समग्र शिक्षा अभियान व उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के मध्य तीन वर्ष के लिए नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एमओयू किया गया है।

इस अभियान के तहत ब्रह्मकुमारी से जुड़े राजयोगी भाई–बहनों द्वारा समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति के लिए प्रचार–प्रसार और जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अभियान में एल.ई.डी एवं उन्नत साउंड सिस्टम से युक्त विशेष वाहन का प्रयोग कर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य 10 लाख छात्र–छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ करवाना एवं नशे की गिरफ्त व्यक्तियों को राजयोग मेडिटेशन एवं होम्योपैथी मेडिसिन से नशा मुक्त किया जाएगा।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए डोर टू डोर कैंपेन किया जाएगा। साइकिल रैली भी निकाली जाएगी। इसी क्रम में विगत वर्ष भारत सरकार द्वारा भी प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साथ नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मार्च माह में एमओयू किया गया है। इस दौरान सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी, ब्रह्मकुमारी की ओर से ब्रह्मकुमार बनारसी लाल, ब्रह्मकुमार मेहरचंद जी,ब्रह्मकुमार लक्ष्मी चंद जी, ब्रह्मकुमारी नीलम बहन जी, ब्रह्मकुमारी सरिता बहन जी, ब्रह्मकुमारी एल्विन बहन जी उपस्थित रहे।

..............0...........